12.25 बजे एयर इंडिया के 762 नंबर

# हिंदुस्तान मोटर्स में मनाया गया कवि सम्मेलन

हुगली : होली के मौके पर शुक्रवार को हिंदमोटर स्थित हिंदुस्तान मोटर्स संयंत्र के आडिटोरियम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदुस्तान मोटर्स के महानिदेशक मनोज झा, महाप्रबंधक राजीव सक्सेना, प्रबंधक जीता चटर्जी के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। होली के एक दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने कविताओं से लोगों में मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवयित्री अनित सोनी जो इंदौर से आयी थीं, उन्होंने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना गाकर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवि लाजपत राय (धनबाद), कवि देवल आशीष (लखनऊ), कवि राजेंद्र मालवी (मध्यप्रदेश), कवि पीके धुत (हरियाणा) तथा कवि जयकुमार रूसवा जो कोलकाता के थे, इन्होंने अपनी कविताओं से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बुरा ना मानो होली है, इसी परिभाषा को यहां आए कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को समझाने की कोशिश की जबकि हिंदुओं के लिए यह त्योहार कितना महत्वपूर्ण है, कवि पीके धुत ने कृष्ण व राधा की रासलीला पर आधारित कविताओं के जरिए लोगों को समझाया।